तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 15 जुलाई 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 तुस्मा-खैरताल सड़क की हालत बदतर, सुध लेने वाला कोई नहीं



स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें ...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION
* COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।
मोबा. 9131330801, 9340751120, 7869622725
पता: बिजली ऑफिस के सामने, राछाभाठा (नवागढ़)
जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)
योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year

प्रवेश प्रारंभ
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by- (N.C.V.T & D.E.T.)
New Delhi (Govt. Of India)
ट्रेड- इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छूट
100% रोजगार
प्राचार्य: पोड़ीभाठा रोड (रेल्वे स्टेशन के पास) अकलतरा
मो. 9203914563, 9203914561, 8435800490

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्पर्धा में बालक व बालिका वर्ग से 4 खिलाड़ियों का चयन

**जांजगीर चांपा।** ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विशेष सहयोग से मुंगेली में मुंगेली जिला शतरंज संघ द्वारा जूनियर चेस चैंपियनशिप का आयोजन 26 जुलाई से 29 जुलाई तक किया जा रहा है। इस स्पर्धा में 19 वर्ष से नीचे के बालक - बालिका भाग ले सकते हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमन्त खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस स्पर्धा के आधार पर प्रदेश टीम बनेगी जिसमें दोनों वर्गों से 4 - 4 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जायेगा। इस स्पर्धा को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली हुई है जिससे शतरंज के उदीयमान खिलाड़ी अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अंतर्राष्ट्रीय वरीयता प्राप्त कर सकते है वहीं पहले से ही अंतर्राष्ट्रीय वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अपनी रेटिंग में इजाफा कर सकते हैं। उक्त स्पर्धा में भाग लेने की अंतिम तिथि 19 जुलाई रात्रि 9 बजे तथा 250 रुपए विलंब शुल्क के साथ 22 जुलाई रात्रि 9 बजे निर्धारित है।र

### रोजगार मेला 16 को, 72 सौ पदों पर होगी भर्ती

**जांजगीर-चांपा।** जिला प्रशासन जांजगीर चांपा एवं रोजगार कार्यालय जांजगीर-चांपा द्वारा जिले के शिक्षित एवं प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेगा रोजगार मेला का आयोजन 16 जुलाई को सुबह 11 बजे से 4 बजे तक लाईवलीहुड कालेज, जांजगीर में किया जाएगा। मेगा रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के 11 सेक्टरों में 30 निजी नियोजको द्वारा 7233 पदों पर कार्यवाही की जाएगी। उक्त रोजगार मेला में मैकेनिक सेक्टर में 836, सिक्युरिटी सेक्टर में 2500, कृषि सेक्टर में 113, फाईनेंस सेक्टर में 262, टेक्निकल सेक्टर में 480, सर्विस सेक्टर में 620, बीमा क्षेत्र में 163, हेल्थ सेक्टर में 242, शिक्षा सेक्टर में 05, गारमेंट्स सेक्टर में 2002 एवं आटोमोबाइल सेक्टर में 10 पद शामिल है। इस दौरान कुल 7233 पदों के लिए भर्ती की जाएगी।

### पत्रिका शिक्षा सारांश 15 वें अंक हेतु रचनाएं आमंत्रित

**सक्ती।** राज्य स्तरीय शैक्षणिक मासिक पत्रिका शिक्षा सारांश माह अगस्त 2024 पन्द्रहवें अंक हेतु पूरे राज्य भर के शिक्षकों से रचनाएं आमंत्रित की जा रही है। पत्रिका के प्रचार प्रसार प्रमुख नवाचारी शिक्षक शैल कुमार पाण्डेय ने कहा है कि अगस्त अंक में स्वतंत्रता दिवस पर आधारित देशभक्ति रचनाएं, एक पेड़ मां के नाम की गतिविधि, स्कूल की रचनात्मक गतिविधियों, स्कूली शिक्षा को प्रोत्साहित करने वाली गीत, कविता, कहानियां, महापुरूष जयंतियां व दिवस विशेष पर आधारित सामग्री का प्रकाशन किया जाना है। संपादक मण्डल द्वारा रचनाएं आमंत्रित करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई निर्धारित की गयी है।

### सभी शासकीय संस्थानों में वर्षा जल संरक्षण के हैं निर्देश

# दो हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अविभाजित जिले में 2602 सरकारी प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। इनमें महज 600 स्कूलों में ही वाटर सिस्टम की व्यवस्था है वहीं 2 हजार से अधिक स्कूलों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं है। ऐसे में बरसात के पानी को सुरक्षित रखने सरकारी स्कूलों में पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया है।



गौरतलब है कि बारिश के पानी को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के लिए सरकारी स्कूलों में आवश्यक व्यवस्था बनाया जाना है ताकि उसका उपयोग उचित समय पर किया जा सके, लेकिन स्कूलों में इस तरह के कोई इंतजाम नजर नहीं आता। विभागीय जानकारी के मुताबिक शिक्षा जिला जांजगीर एवं सक्ती को मिलाकर 26 सौ से अधिक सरकारी प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। इनमें प्राथमिक स्कूलों की संख्या 1 हजार सात सौ है तो वहीं मिडिल स्कूलों की संख्या 900 से अधिक है। इन स्कूलों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाना है, ताकि बरसात के पानी को सुरक्षित एवं संरक्षित रखा जा सके। इन स्कूलों में महज 600 स्कूलों में ही वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की व्यवस्था की जा सकी है, जबकि अभी भी 2 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाया जा सका है। शिक्षा सत्र की शुरुआत 26 जून से प्रारंभ हो गई है वहीं जुलाई महीने से कक्षाओं का संचालन भी शुरू हो गया है। ऐसे में बरसात का पानी स्कूल परिसर के आस पास इकट्ठा हो जा रहा है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं के अलावा स्कूल के शिक्षकों को भी आने जाने में दिक्कतें होती है, जबकि बरसात के पानी को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की व्यवस्था सरकारी स्कूलों में किया जाना है, लेकिन विभागीय एवं प्रधान पाठकों की उदासीनता के चलते सरकारी स्कूलों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लग पा रहा है। इसी प्रकार सरकारी प्राथमिक एवं स्कूलों में पढ़ने लिखने वाले छात्र छात्राओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की उद्देश्य को ध्यान में रखकर स्कूलों में नल कनेक्शन की भी व्यवस्था किया जाना है, लेकिन जिले के अधिकांश सरकारी स्कूलों में नल कनेक्शन की व्यवस्था नहीं हो पाई है। ऐसे में यहां अध्ययनरत छात्र-छात्राएं परिसर के बाहर जाकर पानी पीने के लिए विवश रह जाते हैं। इस तरह की समस्या सरकारी स्कूलों में देखने को मिलती है। इधर जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों द्वारा सरकारी स्कूलों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए जाने को लेकर निर्देश भी जारी किया जा चुका है वहीं व्यवस्था नहीं बनाने की स्थिति में संबंधित प्रधान पाठक एवं प्राचार्य के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं बावजूद इसके स्कूलों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नजर नहीं आ रहा है।

#### बनाई जाएगी व्यवस्था

बरसात के पानी को संरक्षित रखे जाने प्रधान पाठक एवं प्राचार्य को दिशा-निर्देश जारी किया गया है। जिन स्कूलों में व्यवस्था नहीं हो पाई है वहा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने आदेशित किया गया है।

-एस.पी. वैद्य,
अपर कलेक्टर, जांजगीर-चांपा

# नौकरी लगाने के नाम पर पौने दो लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

### बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम दुरपा का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

नौकरी के नाम पर आनलाइन पौने दो लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपी के कब्जे से 9 नग मोबाइल, नगदी एवं रजिस्टर को जब्त किया गया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम दुरपा का है।

इस संबंध में बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम दुरपा निवासी योगेश राठौर ने 30 जून को रिर्पोट दर्ज कराया कि उसने एक प्रतिष्ठित अखबार में फुल टाइम ,पार्ट टाइम जाब को लेकर विज्ञापन जारी करवाया था। वही फोन से संपर्क कर एवं व्हाटसएप के माध्यम से नौकरी के लिए जरूरी दस्तावेज मांगे गए थे। इस दौरान रजिस्ट्रेशन फीस, आईडी, मेकिंग फीस सहित अन्य फीस के नाम पर आनलाइन एवं फोन पे के नाम पर योगेश से अलग अलग 10 बार में 1 लाख 86 हजार 481 रुपए की ठगी की गई। इस मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस पतासाजी में जुटी रही। मामले को लेकर पुलिस टीम झारखंड स्थित रांची शहर के लिए रवाना हुई। वही आरोपी का लोकेशन राची में बताया गया। फिर पुलिस टीम रांची पहुंची एवं मामले के आरोपी नवादा के फतेहपुर निवासी दीपू कुमार पिता अविनाश प्रसाद को हिरासत में लेकर पुछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान आरोपी दीपू कुमार के द्वारा बताया गया कि नौकरी लगाने के नाम पर 1 लाख 86 हजार रुपए से अधिक की ठगी की गई है। आरोपी युवक द्वारा मध्यप्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ सहीत अन्य राज्यों के बेरोगार युवको को नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी की गई है। पुलिस ने आरोपी युवक के कब्जे से 9 नग मोगाइल, 2 नग चेक बुक, 4 नग ग्राहक रजिस्टर के विवरण में 1 हजार 125 लोगो के नाम दर्ज किए गए है। इस मामले मे 'पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वही एक अन्य फरार आरोपी की तलाश अभी जारी है। मामले मं आरोपी युवक के खिलाफ धारा 420,120 बी, 201,66 के तहत अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करना स्वीकार कर लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी राजेश खलखो, उप निरीक्षक अनवर अली, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र खांडेकर, साइबर सेल से निरीक्षक अमित सिंह एवं स्टाप के अन्य लोगो का योगदान रहा।



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

# यातायात विभाग को मिली नई इंटर सेप्टर वाहन की सौगात, चेकिंग में होगी आसानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

यातायात नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई के जिले को नई इंटर सेप्टर वाहन मिली है। इससे अब वाहन चेकिंग और कार्रवाई में आसानी होगी। ट्रेफिक अमले ने इस वाहन की मदद से जांच और कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। वही अब जिले को पुलिस मुख्यालय से नए इंटर सेप्टर वाहन की सौगात मिली है। जिससे अब यहां चेकिंग करने में यातायात विभाग को आसानी होगी। इंटर सेप्टर वाहन में स्पीड रडार गन,ब्रेथ एनलाइजर, सर्विलांस कैमरा,प्रकाश तीव्रता मापक यंत्र,ग्लास पारदर्शिता मापक यंत्र,ध्वनि मापक यंत्र , पीए सिस्टम यंत्र सहित आधुनिक सुविधाओं से लैस है। शनिवार से विशेष अभियान चलाकर इंटर सेप्टर वाहन से चेकिंग भी शुरू कर दी गई है। पहले ही दिन गति सीमा से अधिक तेज वहां चलाने वाले 1 वाहन चालक पर 2 हजार रुपए का सम्मन शुल्क वसूल किया गया। वही अकलतरा में प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने वाले 9 वाहन चालकों से 22 हजार 500 रुपए जुर्माना की वसूली की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 3 वाहन चालकों से मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया है। वाहन चेकिंग के दौरान रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी यातायात प्रभारी द्वारा यातायात के नियमो का पालन करने की समझाईश दी गई है।

#### खास बात

- वाहनों की जांच कर किया गया जुर्माना वसूल



मशीन से वाहन चालकों की जांच करता यातायात अमला।


# लावारिस हालत में पड़ी हजारों टन कीमती लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

हसौद समेत आसपास के इलाकों में कीमती लकड़ियों का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है। वन विभाग व जिला प्रशासन की उदासीनता से क्षेत्र में हर साल लाखों टन कीमती लकड़ी की खरीदी बिक्री हो रही है। जैजैपुर-हसौद मुख्य मार्ग पर हजारों टन कीमती लकड़ी लवारिश हालत में पड़ी है।

- स्थानीय प्रशासन को नजर नहीं,किसी अवैध कारोबारी के लकड़ी होने की आशंक

हसौद क्षेत्र में हो रहे हरे-भरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई व लकड़ी के अवैध कारोबार नें वन विभाग व जिला प्रशासन के अफसरों की पोल खोल दी है और अधिकारियों की कार्यशैली पर कई तरह के सवाल उठने लगें है। क्षेत्र में लकड़ी के अवैध कारोबार के साथ-साथ लकड़ी का अवैध भंडारण भी जोरों पर है। ताजा मामला हसौद से निकलकर सामने आया है। हसौद-जैजैपुर मुख्य मार्ग पर सोन नदी किनारे स्थित विश्राम गृह के बाउंड्रीवॉल के पीछे व धान खरीदी केंद्र परिसर में हजारों टन कीमती लकडियां लावारिस हालत में पड़ी है। लकड़ियों में नीम, अर्जुन जैसे कीमती औषधीय लकड़ी शामिल है। उल्लेखनीय है कि हसौद समेत आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों लकड़ियों का अवैध कारोबार चरम पर है। लकड़ी के अवैध व्यापारी अपने आसपास के इलाकें से ही नहीं बल्कि बरेकेल महानदी पुल के रास्ते बिलाईगढ़, सारंगढ़ और बलौदाबाजार जिला के कई जगहों से कीमती लकड़ी का तस्करी कर हसौद क्षेत्र पहुंचते हैं और आरा मशीन संचालक समेत जरूरतमंदों को बेंचकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। हसौद में लकड़ी के किसी अवैध व्यापारी ने विश्रामगृह के पीछे हजारों टन कीमती लकडियो को डंप कर छुपाया है। कीमती लकडियां कई महीनो से लावारिस हालत में पड़ी है लावारिस हालत में पड़े इन लकडियों की जांच व कार्रवाई की जाए तो क्षेत्र में चल रहे लकडियों के अवैध कारोबार पर कुछ हद तक विराम लगाया जा सकता है। क्षेत्र में हरे भरे पेड़ों की बलि देकर लकड़ी के अवैध व्यापारी मुनाफा कमा रहे हैं जिसका खामियाजा आने वाले दिनों में क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ेगा।



हसौद-जैजैपुर मार्ग में लवारिश पड़ी लकड़ियां।

#### लेंगे जानकारी

मुझे इसकी जानकारी नहीं है अगर लकड़ियां लावारिस हालत में पड़ी है तो स्थानीय तहसीलदार उसको जब्त कर नीलामी की कार्रवाई कर सकता है।

-एच.सी. शर्मा, एसडीओ
वन विभाग सक्ती

#### करेंगे कार्रवाई

आपके माध्यम से जानकारी मिली है। लकड़ियों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-भीष्म कुमार पटेल,
तहसीलदार, हसौद

### महंगाई ने बिगाड़ा रसोई का बजट

# टमाटर के साथ हरी सब्जियों के दाम छू रहे आसमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बढ़ती महंगाई के कारण थाली से विभिन्न प्रकार के हरी सब्जी भी गायब हो रही हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि अब लोग किलो दो किलो की जगह एक पाव या आधा किलो ही सब्जी खरीद रहे है। झोला में भरकर घर जाने वाली सब्जी को लोग आज पॉलिथीन में ले जा रहे हैं। वर्तमान में गोभी 100 रुपए किलो, टमाटर 60 रुपए किलो बिक रहा है तो वहीं धनिया की कीमत डेढ़ सौ रुपये प्रति किलो के पार हो गया है। अदरक भी 200 रुपए किलो तो बरबटी व परवल 80 रुपए किलो तक पहुंच गया है। कोई भी हरी सब्जी 60 रुपये से कम नहीं मिल रही है।

पिछले कुछ दिनों से सब्जियों के दाम काफी बढ़ रही है। दामों में बेतहाशा वृद्धि से गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार चिंतित दिखाई दे रहे है। लगातार सब्जियों के दामों में बेतहाशा वृद्धि से आम आदमी का रसोई का बजट बिगड़ने लगा है। पिछले सप्ताहभर से सब्जियों के दामों में निरंतर वृद्धि हो रही है। सब्जियों के साथ टमाटर भी इन दिनों 60 रूपये किलो के हिसाब से बिक रहा हैं, जिसके चलते थाली का जायका भी बिगड़ने लगा है। बढ़ते टमाटमर की कीमत के चलते घरों में चटनी बनना लगभग बंद हो गया है। बाजार में सभी सब्जियों के दामों में वृद्धि से गरीबो की थाली का जायका बिगाड़ रही है। सब्जी कारोबारियों का कहना है कि अन्य प्रदेशो से सब्जी का आवक हो रही है। ऐसे में आम आदमी को सब्जी खरीदने से पहले कई बार सोचना पड़ रहा है। वहीं सब्जी के दामों में वृद्धि होने के चलते कई ग्राहक पहले की बजाय सब्जी कम मात्रा में खरीदने लगे है। इन दिनों टमाटर 60-70 रूपये, अदरक 200, खीरा 50, हरी धनिया 180 रूपये, प्याज 45 रूपये, फुल गोभी 100 रूपये, बैगन 50, आलू 45 रूपये, भिंडी 60 रूपये, पत्ता गोभी 60 रुपए, बरबट्टीज 80 रुपए किलो बिक रहा है। सब्जी विक्रेताओं का कहना है बरसात के मौसम होने के कारण सब्जी के दामों में बढ़ोतरी हुई है। जिस वजह से हरी सब्जी ऊंची कीमत पर बेचना पड़ रहा है। जब तक नई सब्जी बाजार में नहीं आएगी, तब तक सस्ता होने की कोई उम्मीद नहीं है।



दुकान में बिक्री के लिए रखी सब्जी।

# नदी में नहाते वक्त युवक बहा, देवरी चिचोली पिकनिक स्पॉट की घटना

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा ब्लाक के देवरी चिचोली पिकनिक स्पॉट में एक युवक बह गया। उसकी तलाश पुलिस के साथ पूरी टीम जुटी हुई है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक युवक का कहीं कोई पता नहीं चला था।

रविवार 14 जुलाई को सरकंडा बिलासपुर के आधा दर्जन युवक पिकनिक मनाने देवरी चिचोली आए थे। वे सभी स्पॉट पर हसदेव नदी में नहा रहे थे। इस दौरान एक युवक शिवम यादव पिता आशु राम यादव नदी में स्नान करते वक्त बह गया। बताया जाता है कि वहां नहाते हुए गहरे पानी में चला गया। साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वे नाकाम रहे। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही बलौदा के नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी अशोक वैष्णव सहित पुलिस अफसर व कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची और युवक को खोजने के लिए जुटी, लेकिन रात अधिक हो जाने की वजह से युवक को खोजना मुश्किल हो गया। पुलिस ने बिलासपुर के एसडीआरएफ टीम को सूचना दी है, वहीं पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की टीम मौके पर डटी रही, लेकिन रात के कारण सभी बेबस नजर आए। बलौदा पुलिस ने बताया कि सरकंडा बिलासपुर के छह युवक पिकनिक मनाने देवरी चिचोली आए थे। सभी स्नान कर रहे थे, जिसमें शिवम यादव गहरे पानी में बह गया। उसे बचाने के लिए उसके साथी हाथ पकड़कर निकाल रहे थे, लेकिन शिवम गहरे पानी में चला गया। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक मौके पर परिजन के साथ अफसर की टीम डटी रही।

## खबर संक्षेप

### डॉ.नंदनी सोनी को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**कोरबा।** डॉ.नंदनी सोनी ने स्कूली शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय सीएसईबी एवं उच्च शिक्षा शासकीय मिनिमाता कन्या महाविद्यालय कोरबा से पूर्ण की। वर्ष 2020 से निरंतर कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर से एमएसएमई के विकास में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा दिए गए योगदान का तुलनात्मक विश्लेषणात्मक अध्ययन जिले का एक अध्ययन वाणिज्य पर शोध कार्य किया। डॉ.निधि गोयनका के मार्गदर्शन पर इनका शोध कार्य पूर्ण किया गया। डॉ.नदनी सोनी ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। डॉ.नंदनी सोनी कमला नेहरु महाविद्यालय एवं शासकिय महाविद्यालय में सहायक प्रध्यापक पद पर रह चुकी है। डॉ.नंदनी सोनी के गाइड डॉ. निधि गोयनका, प्राध्यापक डॉ.चुद्रमोहन सिंह का योगदान रहा।

### बेतवा एक्सप्रेस 16, 17 को रद्द

**बिलासपुर।** नॉन इंटरलाकिंग कार्य के चलते 16 और 17 जुलाई को बेतवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। रेलवे के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे के झांसी रेल मंडल के अंतर्गत रगौल – भरवां सुमेरपुर – यमुना साउथ बैंक लाइन दोहरीकरण कार्य के लिए खरियार-भीमसेन रेलखंड में 17 जुलाई को नॉन-इंटरलाकिंग का कार्य किया जा रहा है । इस कार्य के फलस्वरूप गाड़ी संख्या 18203 दुर्ग-कानपुर, बेतवा एक्सप्रेस 16 जुलाई' व गाड़ी संख्या 18204 कानपुर- दुर्ग, बेतवा एक्सप्रेस 17 जुलाई को रद्द रहेगी।

### गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड से सम्मानित हुए डिकेश्वर



**कोरबा।** विगत दिनों वृंदावन हॉल रायपुर में छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संस्थान के तत्वावधान में चंद्रयान तीन विश्व कीर्तिमान जो एक विश्वस्तरीय विशाल काव्यमयी साझा संकलन है का विमोचन किया गया। इस किताब में सम्मिलित राज्य ही नहीं वरन देश विदेश से भी इस विषय विशेष पर अपनी रचनाओं के माध्यम से चंद्रयान तीन विश्व कीर्तिमान में अपनी रचनाओं के माध्यम से इस काव्य संकलन को अलंकृत किया है। जिसमें विश्वस्तर के 123 साहित्यकार सम्मिलित है, जिसमें प्रदेश के 100 साहित्यकारों में डिकेश्वर साहू की भी सहभागिता रही। भारत के विभिन्न राज्यों से 21, आस्ट्रेलिया से 1 एवं अमेरिका से 1 साहित्यकारों ने अपना काव्य सृजन कर विश्व कीर्तिमान में अपना विशेष योगदान दिया है। इस उपलब्धि के लिए डिकेश्वर साहू को चंद्रयान 3 विश्व कीर्तिमान गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड" से सम्मानित किया गया।

### अधेड़ ने लगाई फांसी, मौत

**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चाकाबुड़ा निवासी शत्रुघ्न मार्को 45 वर्ष पिता बैजनाथ कुमार ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। अधेड़ ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है ।

# एक तरफ पौधरोपण अभियान तो दूसरी तरफ रोपे गए पौधे लगे सूखने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में इस समय शहर से ग्रामीण अंचलों तक पौधरोपण अभियान चल रहा है। स्कूल आंगनबाड़ी केन्द्रों से लेकर सरकारी कार्यालयों में भी अफसरों द्वारा पौधरोपण किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ शहर में वीआईपी रोड के किनारे लगाए गए पौधे पानी के अभाव में सूखने लगे हैं, जबकि मार्ग से आम लोगों के साथ अफसरों का हमेशा आना जाना लगा रहता है।

पौधरोपण के लिए राज्य शासन के एक पेड़ माँ के नाम से अभियान चलाया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल, पंचायत भवन, सरकारी दफ्तर, अस्पताल में पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। जिनमें अफसरों के साथ विभागीय कर्मचारी कहीं कहीं जनप्रतिनिधि उपस्थित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसे स्थान भी हैं जहां स्वच्छ वातावरण के तारतम्य में पौधरोपण किया गया था, लेकिन देखरेख और सुरक्षा के अभाव में पेड़ नष्ट हो गए या पूरी तरह सूख गए। जो कुछ बचे हैं उन्हें बारिश के पानी ने बचा दिया। ऐसा नजारा बुधवारी चौक से आईटीआई चौक तक जाने वाली वीआईपी रोड में देखा जा सकता है। जिसके दोनों ओर कुछ माह पूर्व पौध रोपण करने के साथ पौधों की सुरक्षा के लिए राखड़ के ईंटों का घेरा बना दिया गया था। आज स्थिति यह है कि पेड़ सूखने के कगार पर पहुंच गए हैं। कुछ पेड़ पूरी तरह से सूख चुके हैं। कई पेड़ों के इर्द गिर्द बने राखड़ ईंटों के बने घेरों को तोड़ दिया गया है और उन स्थानों में अब गाड़िया रखी जा रही है। जबकि वीआईपी मार्ग से जनप्रतिनिधियों के अलावा सरकारी अफसरों का गुजरना होता है। उसके बावजूद रोपे गए पौधों की यह स्थिति उनकी नजरों में नहीं दिखती। पौधरोपण के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान पूर्व में लगाए गए पौधों की स्थिति देखरेख के अभाव में उजड़ने जैसे हो गई है। पौधरोपण वीआईपी मार्ग में ही नहीं किया गया, बल्कि सिंचाई विभाग की कॉलोनी पीडब्ल्यूडी स्कूल और सिंचाई विभाग के कार्यालय के समीप ही पौधरोपण किया गया है, जहां अफसर बैठते हैं वहां के पौधे भी सूख चुके हैं।

## वीआईपी रोड में दोनों ओर किया गया था पौधरोपण

**खास बातें**

- सुरक्षा के लिए लगाए गए घेरे भी टूट गए गर्मी में, नहीं सींचा गया पौधों को
- पौधरोपण के बाद भूल जाते हैं लोग



## पीएचई के लैब में पानी के सैंपल के प्रकरण हुए कम

# बारिश में स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों के पानी का परीक्षण कराने नहीं ली जा रही रूचि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्कूल के जलस्त्रोतों के पानी का परीक्षण कराने में शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रूचि नहीं ले रहे हैं, जबकि बारिश में दूषित पानी जैसी शिकायतें ज्यादा आती हैं। जल परीक्षण कराने का निर्देश गर्मी के मौसम में ही जिला प्रशासन ने ही जारी कर दिए थे। पीएचई के लैब में जिस संख्या में स्कूल और आंगनबाड़ी से सेंपल आना था अपेक्षाकृत ना के बराबर है।

औद्योगिक जिला कोरबा के शहरी और ग्रामीण अंचलों में सरकारी स्कूलों के जलस्त्रोत हैंडपंप ही है। जिसे आने वाले पानी में आयरन की मात्रा ज्यादा होने व कसैलापन होने की शिकायतें ज्यादा रहती है। गर्मी के मौसम के समय जिला प्रशासन ने ऐसे स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों के जलस्त्रोत के पानी का सेंपल पीएचई के जल परीक्षण प्रयोगशाला में भेजकर परीक्षण कराने का निर्देश दिया था। शुरूआती दौर पर तो यह काम तेजी से हुआ और अब इक्का दुक्का सेंपल ही प्रयोगशाला में पहुंच रहे हैं। बारिश में तो स्थिति और भी खराब है। सबसे ज्यादा सेंपल बारिश के समय ही पहुंचना चाहिए था। वर्तमान में एक भी सेंपल मानूसन के बाद से नहीं पहुंचे हैं। इसके लिए विकासखंड शिक्षाधिकारियों को भी निर्देश दिया गया है। बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए जल परीक्षण की अनिवार्यता किए जाने के बाद भी विकास खंड शिक्षा अधिकारी गंभीर नहीं है। यही कारण है कि निरीक्षण के दौरान भी उनके द्वारा जलस्त्रोत के परीक्षण को लेकर जानकारी नहीं ली जाती। पीएचई के प्रयोगशाला में जल परीक्षण हेतु प्रर्याप्त मात्रा में स्टॉफ और केमिकल उपलब्ध होने के बावजूद सरकारी स्कूल और आंगनबाड़ी सेंपल लेकर अब नहीं पहुंच रहे हैं।

**खास बात**

- दूषित पानी की शिकायतों के मद्देनजर प्रशासन ने परीक्षण को किया था अनिवार्य



स्कूल परिसर में लगा हैंडपंप।

### पोड़ी ब्लॉक में हैंडपंपों को किया गया बंद

जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम कौवाताल, लेपरा, कारीमाटी जैसे वनांचल ग्राम में संचालित प्राईमरी व मीडिल स्कूल में उन हैंडपंप को पीएचई ने बंद करा दिया है जिनके पानी में फ्लोराइड की मात्रा सामान्य से अधिक थी। इसके अलावा करतला विकासखंड के कलदामार ग्राम पंचायत में भी जिन हैंडपंप के पानी में फ्लोराइड की मात्रा सामान्य से अधिक थी उसे भी बंद कराने का काम किया गया है। पीएचई के कार्यपालन अभियंता ने शिक्षा विभाग से स्कूल के पानी के परीक्षण हेतु सेंपल भी मांगे हैं ताकि ऐसे हैंडपंप व जलस्रोत को बंद कराया जा सके, जो स्वास्थ्य जनक मापक से बाहर हैं।

# 31 हाथियों के झुंड के बाद दंतैल ने दी दस्तक, वनांचल में बढ़ा खतरा



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले कई दिनों से कोरबा वनमंडल में विचरण कर रहे हाथियों के झुंड का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। तो वही दूसरी ओर धरमजयबढ़ वनमंडल से एक नए दंतैल हाथी का आगमन कोरबा वनमंडल में हो गया है। जिससे जंगल में रहने वाले लोगों की मुश्किलें एक बार फिर से बढ़ गई है। दंतैल के आगमन को लेकर वन विभाग की टीम अलर्ट मोड पर है और हाथी प्रभावित क्षेत्रों में पेट्रोलिंग कर लगातार लोगों को सजग करने में लगी हुई है। वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज अंतर्गत गीतकुंआरी में दंतैल हाथी की इंट्री के बाद ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है। हालांकि दंतैल ने यहां आने के बाद कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी उत्पात की संभावना को देखते हुए वन विभाग सतर्कता बरत रहा है। गीतकुंआरी व आसपास के गांवों में मुनादी करा दी गई है जहां दंतैल की इंट्री धरमजयगढ़ वनमंडल के फत्तेपुर से हुई है। वहीं कुदमुरा के जंगल में 31 हाथी अभी भी डेरा जमाए हुए हैं। हाथियों का यह दल यहां के कक्ष क्रमांक पी 1140 में लगभग एक सप्ताह से डटे हुए हैं। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 7 नर, 15 मादा के अलावा 9 शावक भी शामिल हैं। दल में शावकों के होने के कारण हाथी आगे नहीं बढ़ रहे हैं। दिन-रात जंगल में जमे हुए हैं। हाथियों की निगरानी वन विभाग द्वारा लगातार की जा रही है।

**खास बात**

- फत्तेपुर से दंतैल पहुंचा गीतकुंआरी, ग्रामीणों को किया गया अलर्ट

# गर्ल्स स्कूल के पास अतिक्रमण से छात्राओं को खतरा, प्राचार्य ने की थाने में शिकायत



कन्या स्कूल के बाहर किया गया अतिक्रमण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर के चौक के पास स्थित शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार के दोनों ओर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर दुकानों का संचालन किए जाने से स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को असामाजिक तत्वों से खतरा उत्पन्न हो गया है। दुकानों में बैठकर असामाजिक तत्वों छात्राओं को परेशान किया जा रहा है, जिसकी शिकायत प्राचार्य ने पुलिस में की है।

शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य ने इन सभी समस्याओं को लेकर इसके पूर्व भी नगर पालिका को कई दफा शिकायत कर चुकी है, लेकिन असज दिनांक तक नगर पालिका परिषद द्वारा इस ओर अतिक्रमण हटाने की कोई कार्यवाही नही की गई है। कन्या स्कूल की प्राचार्य ने अब इसकी शिकायत कटघोरा थाना में की है। जिसमें उन्होंने स्कूल के आसपास लगे अतिक्रमण से होने वाली समस्यासों से अवगत कराया है। उन्होंने आग्रह किया है कि कन्या स्कूल में स्कूली छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही करने को कहा है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि कन्या स्कूल की प्राचार्या ने शिकायत की है। इस विषय पर कटघोरा नगर पालिका परिषद को नोटिस प्रेषित किया जा रहा है। साथ अनुविभागीय अधिकारी को भी इस विषय को लेकर पत्र भेजा जा रहा है।

### जनसंख्या नियंत्रण पर स्कूल में हुई परिचर्चा

**हरदीबाजार।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबंध राष्ट्रीय सेवा इकाई योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबी धतूरा विकासखंड पाली में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डीके लहरे अर्थशास्त्र, राजनीति भूगोल विजय कुमार जांगड़े, सुरेंद्र कुमार राठौर, डीके पात्रे, शिवचंद पंकज, आरआर श्रीवास, मीनू कुमार लहींमोर, संजय सिंह राठौर, के मिन्ज, श्रीमती रश्मि तिवारी, राधिका सोनी, दीप्ति सोनी, रविकांत रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी राजू प्रसाद सारथी, विद्यालय स्टाफ रासेयो के स्वयंसेवक, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहकर विश्व जनसंख्या दिवस के नियंत्रण के संबंध में जागरूकता, दुष्प्रभाव पर सरगर्भित, चर्चा परिचर्चा एवं संबोधन प्रस्तुत किया गया।

### कोल ब्लास्टिंग से हो सकती है दुर्घटना

**हरदीबाजार।** दीपका प्रबंधन कोयला उत्खनन में इतना मसगुल है कि उसे लोगों की जान-माल, सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की गंभीरता नहीं दिखा रहा है। मंलगांव व अमगांव दर्रा खांचा की जहां एक घना आबादी अभी भी निवासरत है और दीपका प्रबंधन कोयला उत्खनन के लिए बड़ी-बड़ी मशीनें और ब्लास्टिंग के लिए बारूद लगाकर क्षेत्र को दहला रहा है लेकिन दीपका प्रबंधन की ओर से किसी प्रकार का कोई सुरक्षा के इंतेज़ार नहीं करने से दीपका प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल उठना लाजिमी है वहीं जिला प्रशासन को इस गंभीर समस्या पर प्रबंधन पर नकेल कसने की जरूरत है।

# पुटू खाने से परिवार के पांच लोगों की बिगड़ी तबियत



प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती मरीज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

जंगली पुटू खाने से एक ही परिवार के 4 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। एक साथ सभी लोगों को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत होने पर आनन फानन में उन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चारों मरीजों का उपचार जारी है।

बारिश के मौसम में मशरुम की आवक बढ़ जाती है। हरदीबाजार में निवासरत मिरी परिवार बलौदाबाजार से पुटू खरीदकर लाया गया था। अधिक मात्रा में पुटू होने के कारण एक दिन सब्जी बनाकर खाने के बाद शेष बचे पुटू की सब्जी को फ्रीज में रख दिया। जिसके बाद शुक्रवार को दोबारा पुटू की सब्जी बनाई गई। शुक्रवार की बीती रात पूरा मिरी परिवार ने एक साथ खाना खाया। खाने में पुटू सब्जी का सेवन किया गया। जिसके बाद सभी अपने कमरे में सोने चले गए। इसके बाद एक-एक कर हरिश्चंद्र मिरी, संगीता बाई मिरी, प्रेमलता मिरी, चंपा बाई मिरी और मुकेश कुमार मिरी की तबियत बिगड़ने लगी। सभी को पेट में दर्द और बचैनी व घबराहट होने लगी। रात करीब 3 बजे आनन-फानन में सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

**खास बातें**

- सभी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया भर्ती
- बलौदाबाजार से खरीदकर लाया था मिरी परिवार

### बारिश के समय न खाएं जंगली पुटू


हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सहायक चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बारिश के समय जंगली पुटू ना खाएं और अपने आसपास को साफ-सुथरा बनाकर रखें। गड्ढों में पानी भरने ना दें, इससे मच्छर पैदा होती है जिससे अनेक प्रकार की बीमारियां हो जाती है।

# नवंबर से लागू होगी नई औद्योगिक नीति बढ़ेंगे रोजगार के अवसर : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश की नई औद्योगिक नीति 1 नवम्बर से लागू होगी। नई औद्योगिक नीति के आधार पर यहां निवेश करने का एक बड़ा आकर्षण होगा, जो न केवल राज्य के विकास को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को और मजबूती प्रदान करेगा। इससे प्रदेश में बेहतर औद्योगिक वातावरण का निर्माण होगा और नए रोजगार का सजृन होगा। प्राकृतिक खनिज संसाधनों से भरपूर छत्तीसगढ़ में उद्योग धंधे स्थापित करने की भरपूर संभावनाएं हैं।

उक्त बातें वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने रायपुर के तेलीबांधा में आयोजित नेशनल स्टॉक एक्सजेंज सेमीनार के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान कही। श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हाल ही में सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 का शुभारंभ किया है। पोर्टल पर एक बार आवेदन से ही सभी विभागों का क्लीयरेंस मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार का गठन हुए 7 महीने होने जा रहा है। इसमें 3 महीना लोकसभा चुनाव की आदर्श आचरण संहिता में बीत गए। प्रदेश की नई सरकार को काम करने का मात्र तीन महीना ही अभी मिल पाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से राजय में अब डबल इंजन की सरकार हो गई है। इसे प्रदेश का तेजी से विकास होगा। छोटे और मध्यम उद्योग हमारे देश की अर्थव्यवस्था के लिए नई ऊर्जा का स्त्रोत है। प्रधानमंत्री के विजन 2047 तक विकसित भारत और विकसित राज्य का निर्माण कैसे होगा, इस दिशा में काम किया जा रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि उद्योग और श्रम विभाग का परस्पर संबंध है। छत्तीसगढ़ के बजट को अगले पांच वर्षों में 10 लाख करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य रखा है।



लखनलाल।

TOP IN JANJGIR
ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12th Bio&Maths |

Gurukripa paramedical college
Nehru Chowk Bilaspur
Mo.7000421146

जैन स्वीट्स
पारस बाजार के पास, जांजगीर
हमारे यहां से ताजि स्वादिष्ट, पवित्र मिठाई एवं टेस्ट में बेस्ट नमकीन प्राप्त करें
रसगुल्ला, हीरामणी रसमलाई, मावामाटी, काजू कतली, चूरमाबरफी अन्य 56 प्रकार की मिठाई मिलती है
फाफड़ा, खम्मन ढोकला, कचौड़ी सभी अवसरों पर आर्डर लिये जाते हैं
8889821151, 8871779942

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444



# नए पोस्टर में कर्ण के रूप में नजर आए प्रभास...

**मुंबई।** इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक 'कल्कि 2898 एडी' बॉक्स ऑफिस पर बेहद शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को मिली इस ऐतिहासिक सफलता के बाद, निर्माताओं ने सभी फैंस और सिनेप्रेमियों को धन्यवाद देते हुए एक खास पोस्ट साझा किया है। टीम की तरफ से प्रभास का कर्ण के रूप में एक विशेष पोस्टर साझा किया है। 1000 करोड़ रुपए कमाने वाली यह सातवीं भारतीय फिल्म है। इस शानदार सफलता के बाद पोस्टर साझा करते हुए टीम ने लिखा, '1000 करोड़ पूरे और गिनती जारी है। यह मील का पत्थर आपके प्यार का जश्न है। हमने दिल लगा के फिल्म को बनाया।

लाइफ Style



# कैटरीना ने बनाया बेहतर इंसान

विकी कौशल का मानना है कि कैटरीना जैसी बीवी पाकर उनकी किस्मत खुल गई। उन्होंने मजाक में बताया कि उनकी वाइफ कपड़े रखने के लिए काफी स्पेस लेती हैं और उन्हें कम जगह मिलती है। विकी कौशल अपनी वाइफ कटरीना कैफ के फैन हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यह बात उनके कई इंटरव्यूज से जाहिर हो चुकी है। कैटरीना की तारीफ करते हुए विकी बोले, उन्होंने मुझमें और मेरी जिंदगी में जो चीजें ऐड की हैं उनके लिए मैं खुद को खुशकिस्मत मानता हूं। मुझे लगता है कि मैं उनकी वजह से बेहतर इंसान बन गया। बातचीत में विकी ने बताया, मेरे घर में हर कोई एक-एक करके अपने कलेशी मोमेंट का इंतजार करता है। ये जिम्मा किसी एक का नहीं है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ सनी या कटरीना या मॉम या डैड या मैं। कोई परमानेंट कलेशी नहीं है। हर किसी का दिन आता है और उस दिन बाकी उसी मोड में आ जाते हैं। विकी ने बताया कि जब वह भूखे हों या सोए ना हों तब ही कलेश करते हैं। जब मुझे वॉरड्रोब मिलेगा तब तो कलेश होगा। विकी ने बताया कि कटरीना के पास पूरा वॉरड्रोब है और उनके पास कपड़े रखने के लिए सिर्फ ड्रॉर। ऐसे में वॉरड्रोब पर लड़ने का सवाल ही नहीं है। विकी से पूछा गया कि बुरे वक्त में दोनों कैसे एक-दूसरे का साथ देते हैं। इस पर विकी बोले, हम एक-दूसरे का हाथ पकड़कर जो कहना है कहते रहते हैं। जो भी हो हम साथ हैं। इस उतार-चढ़ाव में हम एक-दूसरे के साथ हैं। कटरीना की तारीफ करते हुए विकी बोले, उन्होंने मुझमें और मेरी जिंदगी में जो चीजें ऐड की हैं उनके लिए मैं खुद को खुशकिस्मत मानता हूं।

## हॉलीवुड मसाला



# 'डी 23 फैन...' का हुआ ऐलान

**लॉस एंजिलिस।** डिज्नी ने 2024 के लिए अपनी डी 23 फैन इवेंट की पूरी योजना की जानकारी दे दी है। इससे पहले कंपनी ने सीईएस पर इस साल घोषणा की थी कि वह इस बार अपने फैन कन्वेंशन के साथ नए क्षेत्रों में कदम बढ़ाएगी, पहली बार इसे डिज्नी+ पर स्ट्रीम करेगी और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विस्तार करेगी। शुक्रवार, 9 अगस्त को शाम 7 बजे डिज्नी एंटरटेनमेंट शोकेस में सितारों की महफिल सजेगी, जिसमें प्रशंसकों को आने वाली फिल्मों, सीरीज और शो की विशेष झलक दिखाई जाएगी।



# अदालत में रो पड़े एलेक बाल्डविन

**लॉस एंजिलिस।** न्यू मैक्सिको के एक न्यायाधीश ने शुक्रवार को एलेक बाल्डविन के खिलाफ अनैच्छिक हत्या के आरोपों को खारिज कर दिया। न्यू मैक्सिको के सांता फे में मुकदमे की अध्यक्षता कर रहीं न्यायाधीश मैरी मार्लो सोमर ने कहा कि सिनेमैटोग्राफर हैलिना हचिन्स की मौत से संबंधित संभावित गोलियां, जो बाल्डविन के मामले के लिए कारगर हो सकती थीं, पुलिस और अभियोजकों द्वारा उनके वकीलों को इसकी जानकारी नहीं दी गई। न्यू मैक्सिको में बाल्डविन का मुकदमा शुरू होने के तीन दिन बाद न्यायाधीश मैरी मार्लो सोमर ने शुक्रवार को बचाव पक्ष के अनुरोध पर साक्ष्य सुनने के बाद फैसला सुनाया। एलेक बाल्डविन फैसला सुनने के बाद रो पड़े और उन्होंने अपनी पत्नी हिलारिया बाल्डविन को गले लगाया, जो इस सप्ताह की सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद थीं।



# ऐश्वर्या ने झेला रिजेक्शन सुनाई आपबीती

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस ऐश्वर्या राजेश ने लोगों के मिले ताने और करियर रिजेक्शन पर खुलासा किया। ऐश्वर्या ने कहा कि शुरुआत में उनसे कहा गया कि वह हीरोइन बनने के लिए बहुत सिंपल है। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि वह स्टार की तरह पेश नहीं आती और समय बर्बाद कर रही हैं। ऐश्वर्या राजेश ने कहा, 'जब मैंने एक्टिंग करना शुरू किया तो कुछ लोगों ने मुझसे कहा कि मैं हीरोइन नहीं बन सकती, क्योंकि मैं बहुत सिंपल हूं। शुरुआत में मुझे बहुत सारे रिजेक्शन का सामना करना पड़ा, लेकिन मैं आगे बढ़ती रही और हिम्मत बनाए रखी।' कन्नड़, तमिल और तेलुगू फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं ऐश्वर्या राजेश आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। उनकी गिनती साउथ की पॉपुलर और टॉप एक्ट्रेसेस में होती है। ल



# 'काकुड़ा' से मुकाबला करते दिखे रितेश

**मुंबई।** ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 ने आदित्य सरपोतदार की फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें 'ककुडा' को 'मैनहंटर' और रितेश देशमुख उर्फ विक्टर को 'घोस्ट हंटर' के रूप में दिखाया गया है। सोनाक्षी सिन्हा और रितेश देशमुख की फिल्म 'काकुड़ा'ऐलान के बाद से ही सुर्खियों में छाई हुई है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया था, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ा दिया। वहीं, अब फैंस की उत्सुकता को और बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने फिल्म से अभिनेता रितेश देशमुख का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें 'ककुडा' को 'मैनहंटर' और रितेश देशमुख उर्फ विक्टर को 'घोस्ट हंटर' के रूप में दिखाया गया है। इस तीखे और डरावने मुकाबले में यह देखना बाकी है कि आखिर में कौन जीतेगा।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता का...' में वापसी कर रहा है ये मेन कैरेक्टर?

**नई दिल्ली।** टीवी का फेमस सिटकॉम 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' बीते करीब 16 सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। ये एक ऐसा शो है जिसे हर उम्र के लोग देखना पसंद करते हैं। इस शो की कहानी ही नहीं, बल्कि इसके किरदार भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहते हैं। इस शो में अब तक कई कलाकार आए और गए, लेकिन जाने के बाद के भी वो फैंस के बीच चर्चा में रहते हैं। बीते कुछ सालों में कई मेन कलाकारों ने शो को अलविदा कहा। वहीं, ये शो कई विवादों में भी घिरा रहा है। इस बीच अब शो के एक लीड कलाकार की वापसी की खबर सामने आ रही है। इस एक्टर का नाम सुनकर आप भी खुशी से झूम उठेंगे। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाकर घर-घर में फेमस हुए गुरुचरण सिंह एक बार फिर से शो में वापसी कर सकते हैं। गुरुचरण का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो शो में वापसी को लेकर बात करते नजर आ रहे हैं। गुरुचरण से जब पूछा गया कि क्या उन्हें फिर से तारक मेहता में देखने को मिलेगा।

## 'बिग बॉस ओटीटी 3' के लिए अरमान मलिक ने हथियाया था ये हथकंडा


**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' को लेकर दर्शकों के बीच एक्सीडेंट काफी बढ़ता जा रहा है। शो में इस बार पत्रकार से लेकर यूट्यूबर, रैपर,



टीवी और बॉलीवुड तक के स्टार्स ने एंट्री ली है। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा में दो बीवियों वाले अरमान मलिक हैं। अब बिग बॉस 17 के एक्स कंटेस्टेंट तहलका प्रैंक उर्फ सनी आर्या ने उनका असली चेहरा दिखाया है। सनी ने वीडियो शेयर कर दिखाया कि शो में आने के लिए अरमान किस हद तक जा सकते हैं। तहलका, अरमान का वीडियो बना रहे होते हैं, तभी वो उनसे कैमरा छीनने की कोशिश करते हैं। इस पर सनी, अरमान से कहते हैं कि ये हरकत मत कर पहले बोल रहा हूं। लोगों ने कहा कि तू नाटक कर रहा है। बिग बॉस में जाने के लिए इस तरह के हथकंडे हथियाते हो। इस पर अरमान कहते हैं कि मुझे कोई शौक नहीं है बिग बॉस में जाने का छत्तीस मैसेज आ रखें हैं।

# 'द कार्दशियन' में दिखेगी अनंत-राधिका की शादी की झलक?

**मुंबई।** किम कार्दशियन और क्लो कार्दशियन, अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का हिस्सा बनने के लिए बीते दिन 11 जुलाई को मुंबई पहुंचीं। वेन्यू पर



दोनों का भव्य स्वागत हुआ। साथ ही किम और क्लो ने पैपराजी के कैमरों के लिए भी ढेरों पोज दिए। वहीं, अब कार्दशियन बहनों को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट की मानें तो स्टार बहनें अपने रियलिटी शो 'द कार्दशियन' के लिए इस वेडिंग को फिल्माने वाली हैं। कथित तौर पर किम और क्लो अपने रियलिटी शो 'द कार्दशियन' के लिए अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी को कैप्चर करेंगी। जानकारी तो यह भी है कि बहनें यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ग्लैम टीम लेकर आई हैं कि वे अपनी पूरी यात्रा के दौरान सर्वश्रेष्ठ दिखें। अपने हेयर स्टाइलिस्ट क्रिस एपलटन, मेकअप कलाकार और फिल्म निर्माता के साथ, किम कार्दशियन और क्लो कार्दशियन अपने शो के संभावित छठे सीजन के मुख्य आकर्षण के लिए अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में भारत आने से लेकर भारत में रुकने तक की अपनी यात्रा को फिल्माएंगी।

# 'कई पुराने परिचितों के लिए प्यार महसूस हुआ' अनंत-राधिका की शादी के बाद यादों में खोए बिग बी

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में शामिल होने का अपना अनुभव साझा किया। अभिनेता अपने परिवार, जया बच्चन, अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के साथ इस भव्य समारोह में शामिल हुए। शादी में शामिल होने के बाद बिग बी ने देर रात अपने ब्लॉग पर इस कार्यक्रम के बारे में अपने विचार साझा किए। अपने ब्लॉग में अभिनेता ने अपने अनुभव को साझा करने की उत्सुकता व्यक्त की। उन्होंने लिखा, 'हां, इस अलौकिक समय में भी जुड़ने की इच्छा और इच्छाशक्ति- कुछ लोगों के लिए, यह काम का समय है, लेकिन मेरे लिए समय का उपयोग करने की आवश्यकता है। एक शानदार शादी से वापस



*'हां, इस अलौकिक समय में भी जुड़ने की इच्छा और इच्छाशक्ति- कुछ लोगों के लिए, यह काम का समय है, लेकिन मेरे लिए समय का उपयोग करने की आवश्यकता है।*

आकर मैं लंबे समय के बाद इतने सारे पुराने परिचितों के साथ प्यार और स्नेह की समृद्धि महसूस कर रहा हूं। अमिताभ बच्चन ने आगे कहा, 'ऐसा लग रहा था कि उनकी शारीरिक बनावट बदल गई है, लेकिन वे अपने रिश्ते और साथ में बिताए गए समय के प्रति बेहद ईमानदार हैं। यही तो जीवन है, रिश्ता, प्यार और देखभाल।' अमिताभ बच्चन ने आगे अपनी पुराने रिश्तों को भी याद किया और लोगों के जीवन में उसके महत्व को भी समझाया। उन्होंने आगे लिखा, 'यह अजीब है कि कैसे छोटी-छोटी चीजें जो एक-दूसरे के लिए मायने रखती हैं, बनी रहती हैं, लेकिन जिनके साथ गहरा संबंध था या जिन्होंने सार्थक समय बिताया था, वे खो जाते हैं और भुला दिए जाते हैं... वास्तव में भुलाए नहीं जाते हैं, लेकिन पीछे रख दिए जाते हैं और केवल तभी याद किए जाते हैं या सामने लाए जाते हैं, जब संबंध का आवश्यक अर्थ होता है।'

# जब इस फिल्म ने बुलंद कर दिया था धर्मेंद्र का सितारा, बना दिया था सुपरस्टार

**नई दिल्ली।** धर्मेंद्र का नाम बॉलीवुड के उन एक्टर्स में शुमार रहा है, जो उम्दा एक्टर होने के साथ साथ गजब की फैन फॉलोइंग भी रखते थे। करियर की पीक पर रहते हुए उन्होंने एक से बढ़ एक फिल्में दी हैं, जिसमें एक्शन से लेकर रोमांस और कॉमेडी जोनर तक की फिल्में शामिल हैं। वैसे तो धर्मेंद्र का करियर पचास और साठ के दरम्यानी दौर में शुरू हो गया था, लेकिन उनकी सबसे ज्यादा हिट फिल्मे रहीं लेट सिक्सिटीज फिर सत्तर के दशक की। यही वो समय था जब उनकी एक फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल दिखाया कि करीब पचास हफ्ते तक वो फिल्म थिएटर से उतरी ही नहीं। इस फिल्म को प्यार न सिर्फ भारत में मिला, बल्कि दुनियाभर में भी ये फिल्म छाई रही।



## धर्मेंद्र की वो सुपरहिट फिल्म

वैसे तो धर्मेंद्र अब भी फिल्मों में एक्टिव हैं। 88 साल की उम्र में धर्मेंद्र, शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ उनकी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में दिख चुके हैं। इससे पहले रॉकी और रानी की लवस्टोरी में भी धर्मेंद्र नजर आए । लेकिन हम जिस मूवी की बात कर रहे हैं वो आई थी साल 1977 में। ये फिल्म थी धरम वीर। इस एक्शन ड्रामा मूवी में धर्मेंद्र के साथ दिखी थीं जीनत अमान, जितेंद्र और नीतू सिंह। इन सबके अलावा प्राण भी इस फिल्म में अहम भूमिका में थे।

**50 हफ्ते तक लगी रही फिल्म :** जुड़वा भाइयों की कहानी पर बेस्ड ये फुल ड्रामा मूवी, भारत में खूब पसंद की गई। फिल्म करीब पचास हफ्ते तक थियेटर में लगी रही। उस दौर में फिल्म ने सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ही 13 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके अलावा फिल्म ने यूनाइटेड किंगडम यानी कि इंग्लैंड के पांच शहरों में भी 23 सफल शो देखे। उस दौर में सिर्फ इंग्लैंड में फिल्म ने 4 लाख 38 हजार रुपए की कमाई की। यहां मोहम्मद रफी की आवाज में गाए गीत भी खूब पसंद किए गए।

# ऐश्वर्या से माफी मांगना चाहते हैं इमरान...

**मुंबई।** एक इंटरव्यू में एक्टर इमरान हाशमी ने उस किस्से के बारे में बात की जब उन्होंने ऐश्वर्या राय को प्लास्टिक कहकर बुलाया था। इमरान हाशमी ने अब उसबारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा है कि वो ऐश्वर्या राय से इस बात के लिए माफी मांगना चाहेंगे। इमरान हाशमी से पूछा गया कि क्या उन्हें ऐश्वर्या राय को प्लास्टिक कहने का पछतावा है? सवाल सुनते ही इमरान हाशमी ने कहा कि हां उन्हें इस चीज का पछतावा है। उन्होंने कहा कि मैं कहता रहता हूं कि मैनें जिनके बारे में बात की, उनके प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए इमरान ने कहा कि मुझे उस चीज का पछतावा है क्योंकि वो बहुत अप्रिय था। अब लोग बहुत सेंस्टिव हो चुके हैं। लोग सोशल मीडिया पर हर चीज पर नाराज हो जाते हैं। इमरान हाशमी ने इस बारे में बात करते हुए कहा कि अगर ऐश्वर्या राय को उनकी बात का बुरा लगा था वो उनसे माफी मांगना चाहेंगे। बता दें, कॉफी विद करण के चौथे सीजन के एक एपिसोड में इमरान हाशमी ने ऐश्वर्या राय को प्लास्टिक कहकर बुलाया था। इसके बाद, इमरान हाशमी को सोशल मीडिया पर बुरी तरह ट्रोल किया गया था। इमरान हाशमी ने कहा कि मैं बस हैंपर जीतना चाहता था और इसलिए मैंने वो कहा। हालांकि, ऐश्वर्या राय ने कभी इमरान हाशमी के इस स्टेंटमेंट पर सीधे तौर पर रिएक्ट नहीं किया है।



खबर संक्षेप

## कक्षा नवमीं की छात्राओं को वितरित किया गया साइकिल



**झरना।** शासन द्वारा सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झरना में कक्षा 9 वीं के अध्ययनरत नव प्रवेशी छात्राओ को सायकल वितरण किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधि सोमनाथ राठौर, राकेश अग्रवाल, पूरन राठौर , रामानुज राठौर, श्याम सुन्दर राठौर, एवं प्रभारी प्राचार्य बी.एल कर्ष , तिवारी सर, सुमन सर. रमाशंकर राठौर सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

## दिवंगत शिक्षक की पत्नी को टीचर्स एसोसिएशन ने दी संवेदना राशि



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लाक बम्हनीडीह द्वारा दिवंगत शिक्षक साथी के आश्रित को आर्थिक सहयोग करने के लिए संवेदना योजना प्रारंभ किया गया है, जिसके तहत शिक्षक साथियों द्वारा संवेदना राशि दिया जाता है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लाक बम्हनीडीह के सक्रिय सदस्य सत्यप्रकाश राठौर प्रधान पाठक शा प्रा शाला दर्री के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का श्रद्धांजलि दी गई तथा संगठन के संवेदना योजना के अंतर्गत दिवंगत के पत्नी श्रीमती ईश्वरी बाई राठौर को 35500 (पैंतीस हजार पांच सौ रुपए) की संवेदना राशि देकर , मृतात्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की ओर से बसंत चतुर्वेदी प्रदेश उपाध्यक्ष, माखन राठौर जिला उपाध्यक्ष, शिव पटेल ब्लाक मीडिया प्रभारी, जगेन्द्र वस्त्रकार कोषाध्यक्ष, ताराचंद अग्रवाल संकुल अध्यक्ष, गणेश दास वैष्णव, देव कुमार चन्द्रा, शैलेन्द्र शर्मा, सत्यप्रकाश पाण्डेय, देवीदयाल राठौर, रामबाबू राठौर, भागीरथी यादव, सावित्री राठौर, कृष्ण कुमार निर्मलकर ने संवेदना राशि देकर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण

**सक्ती।** तालुका विधिक सेवा समिति सक्ती के द्वारा 13 जुलाई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में वसूली/विवाद का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से समझौता के रूप में करने हेतु प्री-लिटिगेशन प्रकरण लोक अदालत में प्रस्तुत किया गया, जिसमें मामले का निराकरण लोक अदालत में आपसी राजीनामा हुआ। इस लोक अदालत में नगर पालिका परिषद सक्ती के द्वारा 90 प्रकरण लोक अदालत में प्रस्तुत किया गया, जिसमें 06 प्रकरणों में 64880.00 (चैंसठ हजार आठ सौ अस्सी रू) की वसूली हुई है। उक्त अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित नगर पालिका सहायक राजस्व निरीक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## विधायक ने शोकाकुल परिवार से की मुलाकात



**बिर्रा।** ग्राम बिर्रा में बीते दिनों अशोक श्रीवास के पिता जगरतन (जग्गू ) श्रीवास का सर्पदंश से मृत्यु हो गया था। जानकारी मिलने पर जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू उनके निवास पहुंचे और उन्होंने जगरतन को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## एक पेड़ मां के नाम थीम पर किया गया पौधरोपण



**गोधना।** एक पेड़ मां के नाम थीम पर गांव के ही तालाब शहीद गिरवर कश्यप सरोवर पर पौधा रोपण किया। ग्राम कामता निवासी महेंद्र कश्यप ने अपनी बेटी रागिनी कश्यप के जन्म दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया। वे पिछले 10 वर्षों से अपनी बेटी के जन्म दिवस पर पौधारोपण का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले जो वृक्ष लगाए हैं वह पौधा पेड़ बनकर छांव के साथ फल भी दे रहे हैं। जिसका फायदा राहगीरों एवं गांव के लोगों को मिल रहा है उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वह भी अपने संतानों के जन्म दिवस पर एक पेड़ लगाने का काम जरुर करें ताकि प्रकृति का संतुलन बना रहे अभी तक सौ से ज्यादा पेंड़ लगा चुके हैं , जिसमें पीपल ,बरगद, नीम ,आम अशोक , पारिजात अन्य प्रकार के वृक्ष लगाकर शामिल है। जन्म दिवस के अवसर पर छोटे छोटे प्रयास करते रहते हैं।

### घुटनें भर पानी को पार करके स्कूल जाने बच्चे मजबूर

# तुस्मा-खैरताल सड़क की हालत बदतर, सुध लेने वाला कोई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तुस्मा

ग्राम तुस्मा से खैरताल जाने वाली मार्ग इन दिनों बद से बदतर हो गई है। मार्ग में जगह-जगह गड्ढे बन गए है। उसी रास्ते से होकर हर रोज कम से कम 500 से अधिक स्कूली बच्चे घुटनें भर पानी को पार करके स्कूल जाते हैं, लेकिन इन बच्चों की समस्या का समाधान करने वाला कोई नही है।

गौरतलब है की तुस्मा से खैरताल जाने वाली मार्ग की स्थिति बद से बत्तर हो चुकी है। मार्ग में जगह-जगह जानलेवा गड्ढे बन गए है। लोग मार्ग में बने गड्ढे अंदाजा नही लगा पा रहे हैं,और हर दिन एक से दो वाहन चालक गड्ढे में गिरकर दुघर्टना के शिकार हो रहे हैं। हाल ही में तुस्मा से खैरताल जा रहे दो पहिया वाहन चालक अपने वाहन में अपनी पत्नी और दो साल की मासूम बच्चे को बिठाकर ले जा रहा था। वह बारिश की वजह से गड्ढे का अंदाजा नही लगा सका और वह बच्चे समेत गड्ढे में गिर गया। आनन-फानन में बच्चों की चीख-पुकार और रोने की आवाज सुनकर वहां उपस्थित लोगों मदद के लिए पहुंचे। इस मार्ग से होकर बड़ी संख्या में बच्चे स्कूल जाते है। कक्षा 10 वीं अध्ययनरत छात्र सुमित साह, कक्षा 11वीं में पढ़ने वाले तनुज पटेल का कहना है कि वे घुटनें भर पानी को पार करके स्कूल जाने को मजबुर है लेकिन कोई भी ध्यान देने वाले नही है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं का छात्र लोमेश पटेल का कहना है कि इस रास्ते से होकर करीब 500 से अधिक स्कूली बच्चे स्कूल जाते हैं और हर रोज कम से कम दो से तीन बच्चे गढ्ढे में गिरकर चोटिल होते हैं। इस संबंध में सब इंजीनियर श्री गौतम का कहना है कि टेंडर रायपुर में लगी हुई है। जैसे ही स्वीकृति मिलती है उसके पश्चात तत्काल काम शुरु कर दिया जायेगा।



मार्ग में जगह-जगह बने गड्ढे।

## इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लेट लतीफी से नाराज पूर्व विधायक ने लोक निर्माण मंत्री को लिखा पत्र



**अकलतरा।** इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत छत्तीसगढ़ रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड लोक निर्माण विभाग के द्वारा फोरलेन चौक तरौद से लेकर दीपिका तक 146 करोड़ की लागत से 59.2 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य के लिए 22 नवंबर 2021 को वर्क आर्डर जारी किया गया था। ठेकेदार को 21 नवंबर 2023 तक सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण करना था लेकिन ठेकेदार की लापरवाही एवं उदासीनता के चलते यह सड़क अभी तक नहीं बन पाया है जिसके चलते क्षेत्र वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के निर्माण में लेट लतीफी से नाराज पूर्व विधायक सौरभ सिंह के द्वारा राज्य के लोक निर्माण मंत्री अरुण साव को पत्र लिखकर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में निर्माण में लेट लतीफी के चलते क्षेत्रवासीयों को हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है। पूर्व विधायक का कहना है कि छत्तीसगढ़ रोडवेज कॉरपोरेशन के द्वारा फोरलेन चौक तरौद से दीपका तक औद्योगिक कॉरिडोर का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त सड़क राज्य सरकार द्वारा कर्ज लेकर बनाया जा रहा है। ठेकेदार को चार बार समय सीमा बढ़ाने की अनुमति दिये जाने के बाद भी अभी तक यह सड़क नहीं बन पाई है। सड़क निर्माण के लिए आगे समय सीमा नहीं बढ़ाए जाने एवं निर्माण पूर्ण होते तक ठेकेदार को कोई भुगतान नहीं किए जाने को लेकर लोक निर्माण मंत्री को पत्र लिखा गया है।





जागरुकता शिविर में उपस्थित लोगों को जानकारी देते जिला एवं सत्र न्यायाधीश।

## विश्व की बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण जरूरी: शक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

■ आंकाक्षा परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिला पंचायत आंकाक्षा परिसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कियागया।

जिला एवं सत्र यायाधीश जांजगीर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शक्ति सिंह राजपूत प्रधान ने उपस्थित लोगों को विश्व जनसंख्या दिवस मनाए जाने के उद्वेश्य के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि हमारी वैश्विक जनसंख्या आंकडा, विश्व में जनसंख्या बढने के कारण होने वाले रोजगार आर्थिक विकास गरीबी आय वितरण एवं सामाजिक सुरक्षा को प्रभावित करता है। इस संबध में विस्तृत जानकारी देते हुए मृत्यु की दर एवं जनसंख्या, प्रकृतिक संसाधन, पर्यावरण की सुरक्षा, विधि का शासन, मोटर दुर्घटना अधिनियम एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए वहां उपस्थित लोगों के पूछे प्रश्नों के संबंध में जवाब दिया। जागरुकता शिविर को प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जांजगीर शैलेन्द्र चौहान, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रियंका अग्रवाल, पैरालीगल वालेटिंयर लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्राध्यापक दीपक यादव ने किया। इसके अलावा विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद स्कूल नंबर-1 एवं जयभारत इंग्लिस मीडियम स्कुल जांजगीर में भी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।



## धरती पर हरियाली कायम रखने निःशुल्क फलदार पौधा वितरण

**बिर्रा।** एक पेड़ मां के नाम फलदार पौधा अभियान के तहत जिला पंचायत के वनविभाग सभापति गंगन जयपुरिया ने अपने हाथों से हजार फलदार पौधा निशुल्क बस स्टैंड बिर्रा में वितरण किया गया। जिला पंचायत वनविभाग सभापति गंगन जयपुरिया ने कहा कि धरती को हरियाली रखने के लिए एक फलदार पौधा मां के नाम पर लगाने के लिए सभी लोगों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को भाजपा युवा मोर्चा सक्रिय युवा सोनू जायसवाल, बजरंग दल युवा नेता प्रतीक प्रताप सिंह, देव पब्लिक स्कूल संचालक दिनेश चद्रा ने भी अधिक से अधिक पौधा लगाने प्रेरित किया। निशुल्क वितरण कार्यक्रम में आम अमरूद ,नीबू नीम, मुनगा , करौंदा ,इमली,के अलावा अन्य प्रजातियां के फलदार पौधा निशुल्क वितरण किया गया।इस मौके पर भाजपा नगर महिला अध्यक्ष श्रीमती छत्तबाई कर्ष, मनोज तिवारी, श्रवण थवाईत, विघामंहत, सोनू जायसवाल , पुष्पेन्द्र अजगल्ले,आलेक दुबे, लोकपाल देवांगन,हेमंत देवांगन, अवधेश कश्यप, पंचराम कश्यप, तिलक कश्यप,उमाशंकर कश्यप , शशिभूषण कश्यप, अमृत कश्यप, विजय थवाईत,घुड़वा कश्यप,बलराम कश्यप, सुशील पटेल, आरती कश्यप, के अलावा भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण जन भारी संख्या में उपस्थित थे।

## सामाजिक सद्भावना व भाईचारे के साथ मनाएं मोहर्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

■ मुहर्रम पर्व को लेकर अकलतरा थाना में शांति समिति की हुई बैठक

मुहर्रम पर्व को लेकर अकलतरा थाना में शांति समिति की बैठक का आयोजन तहसीलदार एसडीएम विक्रांत अंचल, एसडीओपी प्रदीप सोरी ,तहसीलदार प्रियंका बंजारा , थाना प्रभारी मणिकांत पांडेय एवं मुस्लिम समाज के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम विक्रांत अंचल ने कहा कि नगर में सभी धर्मों के त्योहार को शांति एवं भाईचारे के साथ मनाने की स्वस्थ परंपरा रही है। मोहर्रम के पर्व को भी इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए नगर वासियों की सहायता से सौहार्द पूर्वक मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे मौकों पर सोशल नेटवर्क के जरिए तरह तरह की अफवाहें फैलाने की नाकाम कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर भी पुलिस पैनी निगाहें रखे हुए हैं। जो भी इसकी जद में आएंगे उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई होगी। आम जनता से अपील करते हुए थाना प्रभारी मणिकांत पांडेय ने कहा कि मोहर्रम पर्व के कार्यक्रम के दौरान यदि कोई संदिग्ध वस्तु दिखाई पड़े या फिर सामाजिक सद्भावना बिगाड़ने की बात सुनाई पड़े तो तत्काल पुलिस को सूचित करें ताकि स्थानीय प्रशासन समय रहते हर आवश्यक कदम उठा सके। बैठक के दौरान मोहम्मद इमरान खान, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन एवं पार्षद विजय खांडेल द्वारा सुझाव भी रखे गए। बैठक में शैलेंद्र श्रीवास मनोज साहू एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



बैठक में मुस्लिम समाज के लोगों से चर्चा करते एसडीएम, एसडीओपी एवं तहसीलदार।

## विद्या निकेतन स्कूल में एक दिवसीय शिक्षक ट्रेनिंग प्रोग्राम

**पामगढ़।** विद्यानिकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़ में 13 जुलाई को चाइल्ड फिजियोलॉजी विषय को लेकर विद्यालय के समस्त शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। ताकि विद्यार्थियों एवं उनकी विभिन्न मनःस्थिति को समझा जा सके। जिससे उनके अध्यापन में आसानी हो, इस हेतु हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय प्रबंधन द्वारा एक दिवसीय शिक्षक ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन विद्यालय में किया गया था जहां सभी नवीन शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों के उत्कृष्ट विकास हेतु उनकी मानसिकता को समझना तथा उन्हें गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान कैसे हो इस विषय पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में चाइल्ड फिजियोलॉजिस्ट विशेषज्ञ श्रीमान अंताराम केसी( असिस्टेंट प्रोफेसर,उत्कर्ष कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन सरखुन ,जांजगीर छत्तीसगढ़)द्वारा प्रशिक्षण दिया गया । विद्यालय संचालक श्री एन के पांडे सर ,प्राचार्य दीपक प्रधान , अशोक कुमार मिरे, उप प्राचार्य अर्जुन लाल यादव विद्यालय विभाग प्रमुख अखिल शुक्ला तथा समस्त सीनियर शिक्षकों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को सफल बनाया गया।





## नियम-कानून का पालन करते हुए चलाएं वाहन : चितरंजय

■ छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सक्ती।** ड्राइवर नियम-कानून को समझकर पालन करते हुए वाहन चलाएं ताकि दुर्घटना होने की स्थिति में भी भारी क्षति से बचें। यह बात कहते हुए उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन के बिलासपुर संभाग के पदाधिकारियों को नवीन कानून की जानकारी दिया और कहा कि अब देश में भारतीय न्याय संहिता लागू हो गया है जिसे जान समझकर सभी वाहन चालक नए नियम _कानून के तहत अपने समस्त दस्तावेज वाहन में रखकर वाहन चलाएं तथा दुर्घटना की स्थिति में तत्काल निकटस्थ आरक्षी केंद्र में सूचना देना सुनिश्चित करें ।इस अवसर पर ड्राइवर महा संगठन के प्रदेश प्रभारी संतोष देवांगन के बिलासपुर अध्यक्ष रवि गंधर्व, सचिव प्रकाश ओगरे, मीडिया प्रभारी सुनील धीरज, ब्लॉक प्रभारी गजपाल कुर्रे साथ शीघ्र महा संगठन की ओर से राज्यपाल के नाम डिप्टी कलेक्टर रजनी भगत को वाहन चालकों को नए कानून व मोटर व्हीकल एक्ट की समुचित जानकारी प्रदान करने जागरूकता कार्यशाला आयोजित किए जाने हेतु ज्ञापन दिया गया ताकि कानून में बदलाव से अपडेट होकर ड्राइवर सुरक्षित वाहन चलाएं।



## छात्राओं को अब स्कूल जाने नहीं होगी परेशानी



छात्राओं को साइकिल प्रदान करते अतिथि।

**बम्हनीडीह।** शासकीय अनुदान प्राप्त लाल बहादुर शास्त्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनीडीह में कक्षा नवमी के छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया।

इस अवसर पर ग्राम की सरपंच श्रीमती मालती राजकुमार पटेल ,संस्था के प्राचार्य एस पी तिवारी एवं शिक्षक /कर्मचारी ए के डडसेना, एस एल डडसेना, श्यामलाल डडसेना, बी डी वैष्णव, श्रीमती पार्वती महंत, श्रीमती श्वेता शिंदे, डी के पांडे , शैलेश पटेल नवधा पटेल, सत्येन्द्र चौहान उपस्थित थे। छात्राएं अपना साइकिल प्राप्त कर अत्यंत प्रफुल्लित हुई तथा छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति आभार व्यक्त किए। उपरोक्त कार्यक्रम के अतिरिक्त ,एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में रेड क्रॉस प्रभारी श्याम लाल डडसेना के नेतृत्व में रेड क्रॉस छात्र-छात्राओं द्वारा पौधारोपण किया गया तथा इसकी सुरक्षा हेतु घेराव किया गया, छात्र-छात्राएं पेड़ की सुरक्षा एवं देखभाल का संकल्प लिए।

### मंडी प्रांगण में भाजपा का मतदाता आभार कार्यक्रम

# कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत एवं परिश्रम की वजह से मिली जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

नगर के मंडी प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी का लोकसभा में ऐतिहासिक जीत के बाद मतदाता आभार कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, गौरी शंकर अग्रवाल लोकसभा जांजगीर चंपा के प्रभारी , कृष्णकांत चंद्र संयोजक लोकसभा जांजगीर चांपा, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नारायण चंदेल , जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल ,अकलतरा विधानसभा के पूर्व विधायक रायपुर संभाग के प्रभारी सौरभ सिंह के आतिथ्य में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौरी शंकर अग्रवाल के द्वारा लोकसभा चुनाव की जीत पर आभार व्यक्त किया गया एवं कहा गया बहुत ही कठिन परिस्थिति में जांजगीर लोकसभा को जीत गया है। यहां आठो विधानसभा में कांग्रेस के विधायक होने के बावजूद भी हम 60000 से अधिक मतों से जीते हैं। यह सभी जीत कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत एवं परिश्रम की वजह से प्राप्त किए है। आगामी पंचायत त्रिस्तरी चुनाव एवं नगरी निकाय चुनाव में भी आप सभी को कमर कस के तैयार रहना है। नारायण चंदेल ने कहा जांजगीर चांपा लोकसभा को जितना हमारे लिए एक चैलेंज के विषय हो गया था और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने के लिए सभी नेता उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सौरभ सिंह ने कहा निश्चित ही जांजगीर चांपा लोकसभा को जितना एक असंभव सा लगता था परंतु हमारे कार्यकर्ता एवं मतदाता साथी नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने के लिए संकल्पित थे और जांजगीर चांपा लोकसभा को दृष्टिगत रखते हुए कड़ी परिश्रम और मेहनत से हमारे कार्यकर्ता और पूरे क्षेत्र के मतदाता हमारे प्रत्याशी को जिताने में अपना अथक योगदान दिए हैं। भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती कमलेश जांगडे जीने जीत का श्रेय केंद्रीय नेतृत्व प्रदेशनेतृत्व एवं बूथ स्तर के समस्त कार्यकर्ता पार्टी के पदाधिकारी एवं जांजगीर लोकसभा के समस्त मतदाताओं को दिया एवं जांजगीर लोकसभा के समस्त मतदाता साथियों से अपना आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल , कृष्णकांत चंद्र ,पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहूने भी संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन नंद चौधरी जिला उपाध्यक्ष के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का आभार उमाकांत भारते के द्वारा किया गया कार्यक्रम में पूर्व विधायक छतराम देवांगन, पूर्व प्रत्याशी दिनेश सिंह , महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रजनी सत्तू साहू, श्रीमती उषा राठौर, सुमित प्रताप सिंह,कमल केडिया, संटू पाटले, मंडल अध्यक्ष गण ,जिला के सभी पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं अकलतरा विधानसभा से आए हुए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।



कार्यक्रमकोसंबोधित करती सांसद।

## हरियाली प्रचार रथ को किया रवाना

**जांजगीर-चांपा।** विधायक व्यास नारायण कश्यप, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला एवं वनमंडलाधिकारी श्रीमती प्रियंका पांडेय ने जिला पंचायत परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत जिले में निःशुल्क पौध वितरण करने हेतु हरियाली प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस दौरान लोगों को पौधों का वितरण भी किया। इस अवसर पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिलेवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत सभी से पौधरोपण अभियान में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा की हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा देवी राठौर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।